**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-खैराबाद की ग्रामसभा पहाड़पुर में जैनपुर गांव से कुम्हारनपुरवा होते हुए शिवपुरी तक दूरी लगभग 01 किमी0 मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद के अन्तर्गत ग्रामसभा पहाड़पुर में ग्राम जैनपुर, खैराबाद मछरेहटा कल्ली (अन्य जिला मार्ग) के किमी0-04 से बायें निकलने वाले जैनपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित है। इस प्रकार जैनपुर एकल लेपित सम्पर्क मार्ग से संतृप्त है। ग्राम जैनपुर से कुम्हारनपुरवा की दूरी लगभग 800 मी0 खड़ण्जा स्तर का है। ग्राम कुम्हारनपुरवा की आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 250 से कम है। 250 से कम आबादी के ग्रामों को पक्के सम्पर्क मार्ग से संतृप्त किया जाना विभागीय नीतियों में प्रचलित नहीं है। ग्राम शिवपुरी एन0एच0-30 के किमी0 420 से दाहिने निकलने वाले पहाड़पुर कोलिया सम्पर्क मार्ग के किमी0-03 से बायें शिवपुरी सम्पर्क मार्ग पर स्थित है जो कि लेपित मार्ग से संतृप्त है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**